तापमान

अधिकतम 36.3 डिग्री
न्यूनतम 31.2 डिग्री

हरिभूमि
# हिसार भूमि

रोहतक, बुधवार, 17 जुलाई 2024

11 दो अक्तूबर तक पुल व अंडरपास नहीं बनाया तो होगी विभाग की तालेबंदी



12 ऋषिनगर में जलापूर्ति तथा सीवरेज दुरुस्त करने के निर्देश



## बीए प्रथम वर्ष की काउंसलिंग आज, सुनिश्चित करें दाखिला

### सुबह साढ़े 9 से 12 बजे तक चलेगी काउंसलिंग, स्टाफ करेगा सहयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

महिला कॉलेज में यूजी पाठ्यक्रमों में प्रथम वर्ष में एडमिशन के लिए पहली फिजिकल काउंसलिंग 17 जुलाई को होगी। यह जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ. रमेश आर्य ने बताया कि महिला महाविद्यालय में छात्राओं को कंप्यूटर लैब, जिम, स्पोर्ट ग्राउंड, स्मार्ट क्लास रूम, इंटरनेट के लिए लीज लाइन , वाईफाई कैंपस, पीने के लिए आरओ और वॉटर कूलर, इंग्लिश लैंग्वेज लैब, आधुनिक ई लाइब्रेरी की आधुनिक और मूलभूत सुविधाएं जैसे सुविधाएं प्रदान की जाती हैं। महाविद्यालय के एडमिशन के नोडल ऑफिसर प्रो. अमित बंसल ने बताया कि महाविद्यालय में यूजी



कोर्सिज में अभी कुछ सीट्स खाली हैं। एडमिशन की इच्छुक छात्राएं महाविद्यालय में दिनांक 17 जुलाई 2024 को सुबह 9 बजे आकर अपनी एडमिशन कमेटी से काउंसलिंग के लिए मिले। काउंसलिंग का समय सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक का रहेगा।

### राजकीय कॉलेज में बीए प्रथम के विद्यार्थियों की काउंसलिंग आज

**हिसार**। उकलाना कॉलेज में बुधवार को बीए प्रथम वर्ष के उन विद्यार्थियों के लिए फिजिकल कॉउंसलिंग रखी गयी है, जिनका नाम पहली और दूसरी मैरिट लिस्ट में आने के बावजूद भी किसी कारणवश फीस नहीं जमा करवा पाए। नॉडल ऑफिसर डॉ. अंजू ने बताया कि ऐसे विद्यार्थी जिनका नाम राजकीय महाविद्यालय उकलाना में पहली व दूसरी मैरिट लिस्ट में आया था वह विद्यार्थी 17 जुलाई बुधवार को सुबह 9:30 बजे से 12 बजे तक महाविद्यालय में फिजिकल कॉउंसलिंग में हिस्सा लेकर अपना दाखिला सुनिश्चित कर सकते हैं। महाविद्यालय में सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध है और साथ ही प्रत्येक विषय के लिए स्टाफ़ भी उपलब्ध है। डॉ. अंजू ने बताया कि विद्यार्थी इस बात पर भी ध्यान दें कि राजकीय महाविद्यालय उकलाना में अंग्रेजी विषय अनिवार्य विषय ना होकर ऐच्छिक विषय है।

## 'विकसित हरियाणा-2034' पर सेमिनार कल

- डॉ. कमल गुप्ता मुख्यातिथि के रूप में कार्यक्रम में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के सौजन्य से 18 जुलाई को 'विकसित हरियाणा-2034' विषय पर राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। विश्वविद्यालय के चौधरी रणबीर सिंह सभागार में होने वाले इस सेमिनार में स्वास्थ्य एवं नागरिक उड्डयन मंत्री डा. कमल गुप्ता मुख्यातिथि होंगे जबकि नीति आयोग के सीनियर लीड प्रो. प्रवाकर साहू सेमिनार के मुख्य वक्ता होंगे।




विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई सेमिनार के संरक्षक हैं। कुलसचिव प्रो. विनोद छोकर सेमिनार के सह-संरक्षक हैं जबकि इकोनोमिक्स विभाग के अध्यक्ष प्रो. एन.के. बिश्नोई सेमीनार निदेशक हैं। इकोनोमिक्स विभाग के अध्यक्ष एवं सेमिनार के निदेशक प्रो. एन.के. बिश्नोई ने बताया कि जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय दिल्ली के प्रो. शक्ति कुमार, आईआईएएस शिमला की प्रो. निधि शर्मा, कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरूक्षेत्र के पूर्व प्रो. टी.आर. कुंडू व आईआईटी रुड़की के पूर्व प्रो. डी.के. नौरियाल सेमिनार में विषय विशेषज्ञों के रूप में उपस्थित होंगे तथा प्रतिभागियों को विभिन्न सत्रों में संबोधित करेंगे। इस सेमिनार में इकोनोमिक्स विषय के महाविद्यालयों व स्कूलों के शिक्षक भाग लेंगे।

## खबर संक्षेप

### मकान से हजारों की नकदी व जेवर चोरी

**हिसार**। चोरों ने गांव बाड्यां ब्राह्मणान के एक मकान में घुसकर 20 हजार रुपये और आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस को दी शिकायत में गांव बाड्यां ब्राह्मणान के राजपाल ने बताया कि 15 जुलाई की रात को चोरों ने घर में घुसकर सोने-चांदी के जेवर और 20 हजार रुपये चुरा लिए। पुलिस ने मौके का निरीक्षण करने के बाद अज्ञात पर केस दर्ज कर लिया है।

### रामफल बिठमडा लड़ेंगे सर्वहित पार्टी से चुनाव

**उकलाना**। पंचायत समिति सदस्य एवं पूर्व प्रत्याशी रामफल बिठमडा इस बार फिर से उकलाना विधानसभा से चुनाव लड़ेंगे। रामफल सर्वहित पार्टी के लिए कई वर्षों से काम कर रहे हैं। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामबीर छिकारा प्रदेशाध्यक्ष सतबीर तंवर, जिलाध्यक्ष कर्मवीर सहरावत ने रामफल बिठमड़ा को उकलाना विधानसभा से प्रत्याशी गत दिनों घोषित कर दिया था।

### सज्जन गैबीपुर बने वाइस चेयरमैन

**उकलाना**। कांग्रेस नेता सज्जन गैबीपुर ने राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश के वाइस चेयरमैन बनने पर सांसद कुमारी सैलजा, राष्ट्रीय अध्यक्षा मीनाक्षी नटराजन व संगठन के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सुनील पंवार का आभार जताया। 2010 में जिला पार्षद बने, फिर राजीव गांधी पंचायती राज संगठन का जिलाध्यक्ष बने, फिर राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश महासचिव के पद रहे।

### कारोबारी रविंद्र सैनी हत्याकांड: चार और साजिशकर्ता गुजरात से गिरफ्तार

# जेल में मुलाकात के दौरान रची थी साजिश हत्या के बाद शूटरों को भगाने में की मदद

10 जुलाई की शाम हत्या के बाद बाइक से फरार हुए थे बदमाश, हत्या के विरोध में व्यापारियों ने 12 को किया था हांसी बंद व हिसार दिल्ली हाइवे पर लगाया था जाम विकास उर्फ विक्की माना जा रहा है मास्टरमाइंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

सैनी मोटर्स व जजपा नेता रविंद्र सैनी की हत्या की साजिश रचने तथा हत्यारोपियों को भागने में मदद करने वाले चार आरोपियों को हांसी पुलिस और एसटीएफ की ज्वाइंट टीम ने गुजरात से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हांसी की वकील कॉलोनी निवासी 32 वर्षीय प्रवीन, राजस्थान के जिला पाली के गांव खिवाड़ा निवासी 40 वर्षीय प्रवीन, सिसाय काली रावण निवासी 29 वर्षीय रविन्द्र तथा नारनौंद के गांव गामड़ा व हाल राजस्थान के पाली निवासी 40 वर्षीय योगी शिवनाथ के रूप में हुई है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों को कोर्ट में पेश कर 5 दिन पुलिस रिमांड पर लिया है। पुलिस पकड़े गए आरोपियों से हत्यारों के छुप होने के स्थानों का पता लगाने का प्रयास करेगी।



हांसी : रविन्द्र सैनी हत्याकांड की साजिश में शामिल आरोपी पुलिस टीम के साथ।

### हत्या में 5 नहीं 10 से ज्यादा लोग शामिल : डीएसपी

हांसी एसआईटी अध्यक्ष डीएसपी धीरज कुमार ने बताया कि रविन्द्र सैनी की हत्या में 5 नहीं बल्कि 10 से ज्यादा लोग शामिल हैं। सभी लोगों ने जेल में मुख्य साजिशकर्ता विकास नेहरा ऊर्फ विक्की के साथ जेल में मुलाकात के दौरान साजिश थी। डीएसपी धीरज कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों ने रविन्द्र सैनी की हत्या की साजिश रचने तथा उसकी हत्या किए जाने के बाद हत्यारों की भागने में मदद करने वाले 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इसके अलावा साजिश का मास्टरमाइंड विकास नेहरा पहले से ही पुलिस की गिरफ्त में है।

### थोड़ी थोड़ी देर में लोकेशन बदल रहे आरोपी

डीएसपी धीरज कुमार ने बताया कि पुलिस को जजपा नेता रविन्द्र सैनी की गोलियां मारकर हत्या करने वाले 3 शूटर तथा उनको मोटरसाइकिल पर बैठाकर वाले आरोपी की अब भी तलाश है। और वारदात अंजाम देने के बाद ये सभी आरोपी अलग-अलग जगहों पर छिपे हैं और थोड़ी थोड़ी देर में अपनी लोकेशन बदल रहे हैं। लेकिन हांसी पुलिस की पांच और एसटीएफ की टीमें आरोपियों के पीछे लगी हुई हैं। और पुलिस जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर सकती है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए चारों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर 5 दिन के रिमांड पर लिया है, ताकि शूटरों के छुपाने के स्थानों व हत्याकांड में शामिल दूसरे साथियों व उनके ठिकानों के बारे में जानकारी जुटाई जा सके।

### 10 जुलाई की शाम तीन शूटरों ने की थी हत्या

सैनी मोटर्स के स्वामी व जजपा नेता रविन्द्र सैनी की 10 जुलाई शाम को 6 बजे तीन शूटरों द्वारा उनके शोरूम के बाहर गोलियां मारकर हत्या कर दी गई थी। रवींद्र सैनी फोन सुनने के लिए अपने शोरूम बाहर आए थे। और इसी दौरान मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए बदमाशों द्वारा गोलियां मारकर उसकी हत्या कर दी गई थी। वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से भाग रहे आरोपितों की सीसीटीवी फुटेज सामने आई थी। जिसमें तीन शूटरों द्वारा रविन्द्र सैनी को गोलियां मारने के बाद तीनों सड़क पर बाइक लिए खड़े एक अन्य युवक के साथ मोटरसाइकिल पर बैठकर फरार हो गए थे।

### सीएम से मिले थे

हत्या के विरोध में व्यापारियों ने हांसी बंद का आह्वान भी किया गया था। और 12 जुलाई को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से चंडीगढ़ में मुलाकात कर आरोपितों को गिरफ्तार करने की मांग की गई थी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने परिजनों को 48 घंटे में सभी आरोपितों की गिरफ्तारी का आश्वासन दे शव का अंतिम संस्कार करनवाया था। परंतु पुलिस अभी तक हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले तीनों आरोपितों को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। हालांकि पुलिस ने सोमवार रात को हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपियों की भागने में मदद करने वाले 4 आरोपियों को गुजरात में पकड़ने में सफलता हासिल की है।



## छत पर सो रहा था दंपत्ति, नीचे घर में हाथ साफ कर गए चोर, 50 हजार नगदी, गहने व सामान चोरी

**हांसी**। अज्ञात चोरों ने सोमवार रात लाल सड़क स्थित पंजाबी धर्मशाला के सामने एक आवास को निशाना बनाते हुए अलमारी में रखी नकदी व अन्य सामान चुरा कर ले गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर आवास मालिक किशोरी लाल की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चोरों ने किशोरी लाल के मकान को दुसरी बार अपना निशाना बनाया है।



### कुंडी तोड़कर अंदर घुसे चोर

पीड़ित किशोरी लाल ने बताया कि गर्मी के चलते वह अपनी पत्नी के साथ छत पर सोया हुआ था कि चोरों ने दरवाजे पर लगी कुंडी को तोड़कर मकान के अंदर प्रवेश किया और अलमारी में रखे 55 हजार रुपये, चांदी के आभूषण, मोबाइल फोन व अन्य सामान चुरा कर ले गए। उन्होंने बताया कि सुबह करीब 5 बजे जब वह नीचे आए तो उन्हें घर के अंदर सामान बिखरा हुआ मिला तो पता चला कि घर में चोरी हो चुकी है।

### हैंडपंप उखाड़कर ले गए चोर

अज्ञात चोर चौधरी चरण सिंह मार्केट में राहगीरों को गर्मी के मौसम में पानी पीने के लिए दुकान के बाहर लगाए गए हैंडपंप को उखाड़कर कर ले गए। शहर की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं ने पुलिस प्रशासन से शहर में लगातार बढ़ रही चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने की मांग की है।

## पुलिस से धक्का-मुक्की, महिला सहित तीन काबू

**हांसी**। थाना शहर हांसी पुलिस ने पुलिस कर्मचारियों के साथ धक्का-मुक्की कर सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की पहचान नारनौंद के गांव सुलचानी व हाल न्यू आटो मार्केट निवासी कुलदीप, हवा सिंह व उसकी पत्नी नैना के रुप में हुई है। एसआई सुरेश कुमार ने बताया कि सोमवार सुबह करीब 9.30 से 10 बजे ईआरवी 112 पर तैनात टीम गश्त पर थी तथा व्हीकल चेकिंग के दौरान नई आटो मार्केट हांसी में मौजूद थी। इस दौरान एक बाइक पर सवार दो व्यक्ति आटो मार्केट में आए और जब ईआरवी 112 की टीम ने बाइक को रुकने का इशारा किया तो उन्होंने वहां पर मौजूद अन्य व्यक्तियों के साथ मिलकर ईआरवी 112 पर तैनात कर्मचारियों के साथ धक्का मुक्की शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी दी थी। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर आरोपियों को न्यायालय में पेश करके न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।



## एक सप्ताह से सफाई नहीं, लगे गंदगी के ढेर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी आदमपुर

नगर पालिका द्वारा एक सप्ताह से सफाई कार्य बंद करने से आदमपुर में जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हैं जिसके चलते लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है1 लोगों ने प्रशासन से सफाई कार्य तुरंत शुरू करवाने की मांग की है ताकि बीमारी न फैलने पाए पे एवं गंदगी से निजात में निजात मिल सके । ध्यान रहे आदमपुर के लोग काफी समय से आदमपुर से नगर पालिका हटाने की मांग कर रहे हैं जिसके चलते मुख्यमंत्री ने विधायक को आश्वासन दिया है कि आदमपुर से शीघ्र नगर पालिका हटा दी जाएगी। इस बारे में आदमपुर में सर्वे कराया जा रहा है एवं जनता की राय जा रही है जिसके चलते सफाई कार्य बंद कर दिया गया है। उधर, नगर पालिका से संपर्क करने पर कर्मचारियों ने बताया कि सफाई कार्य के ठेके की अवधि समाप्त हो गई है तथा नए ठेके के बाद ही सफाई कार्य शुरू हो सकेगा।



आदमपुर। कस्बे में सफाई बंद होने से शहर में इधर उधर लगे गंदगी के ढेर।

- नपा से फिर पंचायत बनाने की चर्चाओं से काम हुआ ठप।

## खेत में चारा लेने गए युवक को कीड़े ने काटा, मौत

**हांसी**। बरवाला रोड़ स्थित चैनत गांव में मंगलवार सुबह पशुओं के लिए खेत से हरा चारा लेने गए 25 वर्षीय मंदीप को अज्ञात जहरीले कीड़े ने काट लिया। परिजनों को युवक खेत में बेसुध हालत में मिला। इसके बाद परिजनों ने उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर भाटला पुलिस चौकी प्रभारी ने मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर मृतक के पिता रणधीर सिंह की शिकायत पर इत्तेफाकिया मौत की कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। रणधीर ने बताया कि उसका बेटा मंदीप मंगलवार सुबह करीब 6 बजे पशुओं के लिए हरा चारा लेने के लिए खेत में गया था और जब मंदीप कई घंटों तक चारा लेकर वापस घर नहीं आया तो उसकी मां ने उसे फोन किया, लेकिन मंदीप उसका फोन नहीं उठाया। इसके बाद उन्होंने खेत में जाकर देखा तो वह पानी की होदी के पास बेसुध हालत में पड़ा हुआ था। उसके बाद वह वाहन की व्यवस्था कर मंदीप को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में लेकर आए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## 31 अगस्त तक ऑनलाइन कर सकेंगे आवेदन

**हिसार**। गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय हिसार (गुजविप्रौवि) के सेंटर फॉर डिस्टेंस लर्निंग एंड ऑनलाइन एजुकेशन के माध्यम से ओडीएल एवं ऑनलाइन कोर्सिज के लिए दाखिला प्रक्रिया शुरू हो गई है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने ऑनलाइन दाखिला प्रक्रिया का शुभारंभ किया। इन कोर्सिज के लिए विद्यार्थी 31 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इनमें से 07 पोस्ट ग्रेजुएट, 03 अंडरग्रेजुएट, 12 डिप्लोमा तथा 17 सर्टिफिकेट कोर्सिज शामिल हैं।

### नियमित कोर्सिज की तरह मान्य : वीसी

वीसी ने बताया कि ये कोर्स नियमित कोर्सिज की तरह मान्य हैं। नियमित कोर्स करने वाले विद्यार्थी भी अपने कोर्स के साथ इन कोर्सिज में दाखिला ले सकते हैं। विश्वविद्यालय के नियमित कोर्सिज में दाखिल विद्यार्थी यदि इन कोर्सिज में दाखिला लेते हैं तो उनको फीस में भी 25 प्रतिशत छूट का प्रावधान किया गया है।

### यह रहे उपस्थित

ऑनलाइन दाखिला पोर्टल के उद्घाटन के समय कुलसचिव प्रो. विनोद छोकर, तकनीकी सलाहकार प्रो. संदीप राणा, निदेशक प्रो. खुजान सिंह, डॉ.सुनयना, डॉ. विजेन्द्र, ईजी. विनोद गोयल, डॉ. जितेन्द्र, डॉ. शकुंतला, डॉ. रितु, डॉ. पूनम, डॉ. संध्या, अशोक कुमार, राकेश कुमार, नीरज वर्मा आदि उपस्थित रहे।

### यह हैं कोर्सिस

ओडीएल एवं ऑनलाइन डिप्लोमा कोर्सिज में डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लीकेशन (ऑनलाइन), डिप्लोमा इन द श्रीमद भगवद गीता (ऑनलाइन), डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लीकेशन (ओडीएल), डिप्लोमा इन डेटा साइंस (ओडीएल), डिप्लोमा इन बिजनेस एनालिटिक्स (ओडीएल), डिप्लोमा इन सप्लाई चेन एनालिटिक्स (ओडीएल), डिप्लोमा इन फाइनेंशियल मार्केट (ओडीएल), डिप्लोमा इन बैंकिंग एंड फाइनेंस (ओडीएल), डिप्लोमा इन इंडस्ट्रीयल हेल्थ एंड सेफ्टी (ओडीएल), डिप्लोमा इन गाइडेंस एंड काउंसलिंग (ओडीएल), डिप्लोमा इन फूड क्वालिटी एश्योरेंस (ओडीएल), डिप्लोमा इन सोलिड एंड हजार्डस वेस्ट मेनेजमेंट (ओडीएल) शामिल हैं। आनलाइन सर्टिफिकेट कोर्सिज में सर्टिफिकेट इन इंफोर्मेशन टेक्नोलॉजी, सर्टिफिकेट इन एडवांस्ड एकाउंटिंग, सर्टिफिकेट इन ऑटोकेड, सर्टिफिकेट इन आइटी डेस्कटॉप एंड हार्डवेयर स्पोर्ट, सर्टिफिकेट इन ऑफिस एसिसटेंस, सर्टिफिकेट इन कोरल ड्रा, सर्टिफिकेट इन ग्राफिक डिजानिंग, सर्टिफिकेट इन वीडियो एडीटिंग, सर्टिफिकेट इन इंगलिश कम्युनिकेशन एंड साफ्ट स्किल्स, सर्टिफिकेट इन फाइनेंशियल एकाउंटिंग, सर्टिफिकेट इत्यादि शामिल हैं।


### कंप्यूटर ऑपरेटर हड़ताल दूसरे दिन भी जारी

# सरकार को करोड़ों के राजस्व का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कंप्यूटर प्रोफेशनल्ज संघ के बैनर तले कंप्यूटर ऑपरेटर्स की हड़ताल मंगलवार को दूसरे दिन भी जारी रही। इसके चलते जिले के सभी ई-दिशा केंद्र, तहसील कार्यालय, एसडीएम दफ्तर, नगर निगम व बिजली निगम सहित अन्य कार्यालय में कामकाज प्रभावित रहा। कंप्यूटर ऑपरेट अपनी सीट पर नहीं थे और रोजमर्रा के कामों के लिए आने वाले लोगों को मायूसी के साथ घर लौटना पड़ा।

आईटी सेवाओं देने वाली खिड़कियां पूरा दिन बंद रही।



ऑपरेटरों की हड़ताल के कारण ई-दिशा केंद्र तथा तहसील कार्यालय में आम लोगों की मिलने वाली सुविधाओं के बदले रोजाना सरकार को प्राप्त होने वाले लाखों के राजस्व का नुकसान हुआ।

### यह सेवाओं हुई प्रभावित

कंप्यूटर ऑपरेटर से जुड़ी आईटी सेवाओं पूरी तरह से प्रभावित रही। लघु सचिवालय स्थित ई-दिशा केंद्र में आज दूसरे दिन भी कामकाज नहीं हुआ। ई-दिशा केंद्र में लोगों को वाहन लाइसेंस, नए व पुराने वाहनों रजिस्ट्रेशन, कई तरह से प्रमाण-पत्र सहित अन्य सेवाओं करवाई जाती है, लेकिन आज सभी सेवाएं बिल्कुल बंद रही। एसडीएम कार्यालय में भी दिनभर सेवाएं ठप रही। तहसील कार्यालय में जाति प्रमाण-पत्र, आय प्रमाण-पत्र, रिहायशी प्रमाण-पत्र, जमाबंदी, इंतकाल, रजिस्ट्री आदि सेवाएं प्रभावित रही। कंप्यूटर ऑपरेटरों की हड़ताल को असर नगर निगम, बिजली निगम में भी देखा गया।

### मांगें मानने तक रहेगी जारी

हरियाणा कंप्यूटर प्रोफेशनल्ज संघ के जिला प्रधान सुभाष का कहना है कि समान काम समान वेतन सहित कई मांगों पर सरकार से बातचीत हुई लेकिन सहमत हुई मांगों को लागू नहीं किया गया। इसी के विरोधस्वरूप प्रदेशभर के कंप्यूटर ऑपरेटर सोमवार से हड़ताल पर हैं। उनका कहना है कि जब तक उनकी मांगें सरकार नहीं मान लेती वह अपनी हड़ताल जारी रखेंगे। उनकी प्रमुख मांगों में डीआईटीएस का केंद्रीयकरण कर बजट का प्रावधान करना, सभी कार्यरत कर्मचारियों का पद सृज्जित करना, डीआईटीएस के अंतर्गत हारट्रोन, एककेआरएनएल के तहत कार्यरत कर्मचारियों को नियमित करना आदि शामिल हैं।

# कुछ म्यूचुअल फंड ने दिया 48% से ज्यादा रिटर्न

## निवेशकों को कर रहे मालामाल, आप भी कर सकते हैं निवेश, कोई भी निवेश करने से पहले खुद की रिस्क क्षमता जांच लें लक्ष्य तय कर लंबी अवधि के लिए निवेश का प्लान बनाएं, धैर्य और संयम के साथ निवेश करें, अच्छा मुनाफा मिलेगा

अगर आप भी निवेश करने जा रहे हैं जो एक बार बाजार के बारे में रिसर्च कर लें। इसके बाद निवेश के लिए उतरेंगे तो अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। अपने लक्ष्य तय कर धैर्य और संयम के साथ निवेश करें और मजबूती के साथ बाजार में उतरें। इससे आपको नुकसान नहीं होगा और जल्द अच्छा रिटर्न प्राप्त कर सकेंगे। बाजार में पैसे लगाने वाले ज्यादातर इनवेस्टर्स की दिलचस्पी सबसे बढ़िया प्रदर्शन कर रहे शेयरों में रहती है, लेकिन कुछ म्यूचुअल फंड्स ऐसे हैं, जिनमें ऐसे स्टॉक्स पर फोकस करके निवेश किया जाता है, जिनका प्रदर्शन फिलहाल खराब चल रहा हो। अपने इस उल्टे मिजाज की वजह से ही इन्हें कॉन्ट्रा म्यूचुअल फंड का नाम दिया गया है। कॉन्ट्रा फंड्स के मैनेजर्स को ऐसे ही स्टॉक्स की तलाश रहती है, जो फंडामेंटल्स के लिहाज से स्ट्रॉन्ग होते हुए भी कमजोर प्रदर्शन कर रहे हों। इसके पीछे सोच यह रहती है कि फिलहाल कमजोर दिख रहे ऐसे स्टॉक्स में पिछले रुझान को पलटकर शानदार रिटर्न देने की क्षमता छिपी रहती है। पिछले 1 साल में कॉन्ट्रा फंड्स की थीम वाले सभी म्यूचुअल फंड्स ने 48 फीसदी या उससे ज्यादा रिटर्न देकर इस बात को सच साबित किया है। ऐसे में इन फंडों में निवेश बढ़िया रिटर्न दिला सकता है और आपको जल्द अमीर बना सकता है।

निवेश मंत्रा

बिजनेस डेस्क

### कॉन्ट्रा फंड्स का शानदार प्रदर्शन

भारत में कॉन्ट्रा फंड्स की सोच को फॉलो करने वाली म्यूचुअल फंड स्कीम्स की संख्या ज्यादा नहीं है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स ऑफ इंडिया (एएमएफआई) के मुताबिक देश में फिलहाल ऐसी कुल तीन स्कीम चल रही हैं।

### ये हैं तीन स्कीमें

1. एसबीआई कॉन्ट्रा फंड
2. इनवेस्को इंडिया कॉन्ट्रा फंड
3. कोटक इंडिया कॉन्ट्रा फंड

*(इन तीनों ही स्कीम ने पिछले 1 साल में रिटर्न के मामले में जबरदस्त प्रदर्शन किया है। ये तीनों स्कीमों ने 48 फीसदी से अधिक रिटर्न देकर निवेशकों को चौंका दिया है।)*

### ऐसा रहा प्रदर्शन

**एसबीआई कॉन्ट्रा फंड**

- 1 साल का औसत रिटर्न (डायरेक्ट) : 48.40%
- 3 साल का औसत वार्षिक रिटर्न (डायरेक्ट) : 30.51%
- 5 साल का औसत रिटर्न (डायरेक्ट) : 30.42%
- एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) : 35,304.23 करोड़



**इनवेस्को इंडिया कॉन्ट्रा फंड**

- 1 साल का औसत रिटर्न (डायरेक्ट) : 49.79%
- 3 साल का औसत वार्षिक रिटर्न (डायरेक्ट) : 23.55%
- 5 साल का औसत रिटर्न (डायरेक्ट) : 23.72%
- एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) : 16,502.57 करोड़ रुपये

**कोटक इंडिया ईक्यू कॉन्ट्रा फंड**

- 1 साल का औसत रिटर्न (डायरेक्ट) : 54.80%
- 3 साल का औसत रिटर्न (डायरेक्ट) : 26.80%
- 5 साल का औसत रिटर्न (डायरेक्ट) : 25.05%
- एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) : 3,582.99 करोड़ रुपये

### कॉन्ट्रा फंड के मुनाफे पर टैक्स

कॉन्ट्रा फंड का 65 परसेंट से ज्यादा निवेश इक्विटी में होता है। इसलिए इन्हें इक्विटी म्यूचुअल फंड की कैटेगरी में रखा गया है। जाहिर है इन पर इनकम टैक्स के वही नियम लागू होते हैं, जो इक्विटी फंड के लिए बनाए गए हैं। यानी कॉन्ट्रा फंड की यूनिट्स को 1 साल से कम समय में बेचने पर मुनाफा हुआ तो उस पर 15 फीसदी शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन्स (एसटीसीजी) टैक्स देना पड़ेगा, लेकिन 1 साल या उससे ज्यादा होल्ड करने के बाद बेचने पर 1 लाख रुपये तक का सालाना मुनाफा टैक्स फ्री है। उससे ज्यादा मुनाफा होने पर 10 फीसदी लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन्स (एलटीसीजी) टैक्स लगेगा। यानी कॉन्ट्रा फंड में निवेश करना टैक्स के लिहाज से भी अच्छा है। इसलिए इन फंडों में निवेश कर आप भी अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। अपने पोर्टफोलियों की भी समय समय पर समीक्षा करते रहना जरूरी है, ताकि आप आसानी से अपने पैसे को सुरक्षित रख सकें और अच्छा रिटर्न हासिल कर सकें।

### निवेश से पहले रिस्क भी समझ लें

देश के कॉन्ट्रा फंड्स का पिछला रिटर्न तो काफी अच्छा रहा है, लेकिन इसे भविष्य में वैसे ही परफॉर्मेंस की गारंटी नहीं माना जा सकता। इसके अलावा इक्विटी फंड होने की वजह से कॉन्ट्रा फंड्स ज्यादा जोखिम वाले निवेश की कैटेगरी में आते हैं। लिहाजा अपनी रिस्क प्रोफाइल को ध्यान में रखें और निवेश का फैसला करने से पहले अपने इनवेस्टमेंट एडवाइजर की सलाह जरूर लें। वैसे भी निवेश करने से पहले खुद के लक्ष्य और रिस्क क्षमता को देखते हुए ही निवेश की तरफ कदम बढ़ाने होंगे।

# क्रिप्टो में निवेश कर रहे हैं तो जान लें कर का नियम

जानकारी

बिजनेस डेस्क

यदि आप भी क्रिप्टोकरेंसी में निवेश कर रहे हैं तो आपको इस समय टैक्स का नियम भी जान लेना चाहिए, वरना 31 जुलाई बीत जानें के बाद आप मुश्किल में फंस सकते हैं। केंद्र सरकार ने फरवरी 2022 में फैसला किया था कि क्रिप्टोकरेंसी से होने वाली आय पर 30 फीसदी कर लगाया जाएगा और सभी तरह के क्रिप्टो सौदों पर 1 फीसदी टीडीएस कटेगा। इसके बाद भी लोग क्रिप्टोकरेंसी में ट्रेडिंग करते रहे। अगर आप भी ऐसे लोगों में शामिल हैं तो आयकर रिटर्न दाखिल करने की तारीख 31 जुलाई से पहले ही समझ लें कि क्रिप्टो पर कर कैसे लगाया जाता है ताकि आगे आपको दिक्कत न हो।

### क्या है क्रिप्टोकरेंसी

क्रिप्टोकरेंसी डिजिटल या आभासी करेंसी है, जो सुरक्षा के लिए क्रिप्टोग्राफी का इस्तेमाल करती है। इसकी डोर किसी एक सरकार या केंद्रीय संस्था के हाथ में नहीं है। उसके बजाय यह ब्लॉकचेन तकनीक पर चलती है, जो असल में एक डिजिटल रजिस्टर की तरह होता है। इसमें कई कंप्यूटरों का नेटवर्क होता है और सभी सौदे उन पर दर्ज होते रहते हैं।

निवेशक साल में क्रिप्टो संपत्तियां बेचता है टैक्स देना होगा
क्रिप्टोकरेंसी में निवेश करना सबसे रिस्की श्रेणी में माना गया
क्रिप्टोकरेंसी से होने वाली आय पर 30 फीसदी कर लगेगा
सभी तरह के क्रिप्टो सौदों पर 1 फीसदी टीडीएस भी कटेगा




### मुनाफे पर 30 फीसदी कर

सबसे पहले तो क्रिप्टोकरेंसी से होने वाले मुनाफे पर सीधा 30 फीसदी कर काटा जाता है। आयकर अधिनियम की धारा 115बीबीएच कहती है कि क्रिप्टोकरेंसी समेत सभी वर्चुअल डिजिटल संपत्तियों के किसी भी प्रकार के लेनदेन से होने वाली आय पर 30 फीसदी कर काटा ही जाएगा। उसके अलावा उस पर अधिभार और उपकर भी लगेंगे।

### ऐसे समझें

मान लीजिए कि आपने बिटकॉइन की ट्रेडिंग से 1 लाख रुपये कमाए हैं तो आपको इस पर बतौर कर 30,000 रुपये देने होंगे। उसके ऊपर 1,200 रुपये उपकर भी काटा जाएगा। इस तरह 1 लाख रुपये की कमाई पर आप 31,200 रुपये कर देंगे।

### घाटे की भरपाई नहीं

वर्चुअल डिजिटल संपत्ति से होने वाले घाटे के बदले आप किसी अन्य वर्चुअल डिजिटल संपत्ति पर हुए मुनाफे या किसी अन्य प्रकार की आय पर कर छूट नहीं मांग सकते। करयोग्य आय में से केवल ऐसी संपत्तियों को खरीदने पर हुआ खर्च ही घटाया जा सकता है।

### क्रिप्टो सौदों पर 1 फीसदी टीडीएस

1 जुलाई 2022 से एक सीमा से अधिक वर्चुअल डिजिटल संपत्तियों के लेनदेन पर 1 फीसदी टीडीएस काटा जा रहा है। यूजर्स की ओर से टीडीएस काटने की जिम्मेदारी क्रिप्टो एक्सचेंज की है। मगर यदि दो यूजर्स आपस में लेनदेन करते हैं तो खरीदने वाले को टीडीएस काटकर जमा करना होगा। मान लीजिए कि आपने 60,000 रुपये के एथेरियम बेचे तो खरीदार 600 रुपये टीडीएस काटने के बाद आपको 59,400 रुपये दे देगा।

### क्रिप्टो माइनिंग पर कर

क्रिप्टोकरेंसी माइनिंग में यानी उन्हें तैयार करने में बहुत ताकतवर कंप्यूटर या खास हार्डवेयर का इस्तेमाल होता है, जो लेनदेन का सत्यापन करता है और उसे ब्लॉकचेन नेटवर्क पर चढ़ा देता है। इस नेवटर्क में माइनर या नोड गणित की पेचीदा गुत्थियों को सुलझाने में एक दूसरे का मुकाबला करते हैं। जो माइनर सबसे पहले उसे सुलझा लेता है, उसे बतौर इनाम क्रिप्टोकरेंसी मिलती है। इस तरह माइनिंग से होने वाली आय पर 30 फीसदी कर लगता है। कर का हिसाब लगाते समय माइनर की क्रिप्टोकरेंसी की खरीद कीमत शून्य मान ली जाती है।

### कमर्शल और निजी निवेशक निवेशक

निवेशक चाहे निजी हो या कमर्शल, उसके लिए कर के नियम और दरें एक ही होंगी। मान लीजिए कि कोई फर्म क्रिप्टोकरेंसी की ट्रेडिंग से 5 लाख रुपये कमाती है तो उसे 1.50 लाख रुपये कर और 6,000 रुपये उपकर यानी कुल 1.56 लाख रुपये देने होंगे। जानकारों का कहना है कि 'क्रिप्टोकरेंसी पर कर लगने से उनके लेनदेन और सौदों में नियमों का अनुपालन और जवाबदेही पक्की हो जाती है। अल्पावधि और दीर्घावधि मुनाफे पर एक जैसा कर कटने के कारण क्रिप्टोकरेंसी की आय भी दूसरी तरह की आय के बराबर हो गई है। इन कर प्रावधानों का मकसद क्रिप्टोकरेंसी से जुड़ी गतिविधियों को कायदे में लाना, पारदर्शिता बढ़ाना तथा सभी प्रकार के निवेशकों तथा लेनदेन पर न्यायोचित कर लगाना है।'

# रिटर्न के मामले में निफ्टी को पछाड़ आगे निकला सोना

## लगातार कुलाचें मार रहे सोने में इस साल तेजी का माहौल

## एक जनवरी से अब तक गोल्ड ने निफ्टी-50 को पीछे छोड़ा | ग्लोबल मार्केट में गोल्ड में करीब तेरह प्रतिशत की तेजी दिखाई दी

निवेश के लिहाज से सेफ हेवन समझे जाने वाले गोल्ड का रिटर्न अगर ज्यादा रिस्की कहे जाने वाले इक्विटी इनवेस्टमेंट से बेहतर हो जाए, तो भला निवेशकों के लिए इससे अच्छा और क्या हो सकता है। 2024 के साल में अब तक कुछ ऐसा ही रुझान देखने को मिला है, जिसकी वजह से राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड में निवेशकों की दिलचस्पी काफी बढ़ गई है। दरअसल, सोने की कीमतों में मौजूदा कैलेंडर इयर के दौरान इतनी मजबूती आई है कि रिटर्न के मामले में इसने शेयर मार्केट के प्रमुख इंडेक्स निफ्टी 50 को भी पीछे छोड़ दिया है।

रिकॉर्ड

बिजनेस डेस्क

### निफ्टी 50 के मुकाबले बेहतर रिटर्न

1 जनवरी 2014 से 30 जून 2024 के बीच निफ्टी 50 में करीब 10.4 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली, जबकि इसी इंडेक्स का साल की शुरुआत से अब तक (वाईटीडी) का रिटर्न करीब 11.9 फीसदी रहा है। सोने का पिछले 6 महीनों का रिटर्न करीब 18 फीसदी और साल की शुरुआत से अब तक (वाईटीडी) का रिटर्न 14.78 फीसदी रहा है। ग्लोबल मार्केट में भी इस दौरान गोल्ड में करीब 13 फीसदी की तेजी देखने मिली।

### गोल्ड ईटीएफ में बढ़ा निवेश

सोने में इस तेजी के बीच दुनिया भर में गोल्ड एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड्स (गोल्ड ईटीएफ) में निवेश का रुझान भी काफी बढ़ा है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल की एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक जून में लगातार दूसरे महीने गोल्ड ईटीएफ (गोल्ड ईटीएफ) में पॉजिटिव इनफ्लो देखने को मिला है। जून में यह इनफ्लो करीब 1.4 अरब डॉलर का रहा है। कैलेंडर इयर की पहली छमाही के दौरान एशियन गोल्ड ईटीएफ में कुल मिलाकर करीब 3 अरब डॉलर का रिकॉर्ड निवेश देखने को मिला।

### सोने में क्यों आ रही तेजी

गोल्ड में यह तेजी ऐसे दौर में देखने को मिल रही है, जबकि दुनिया के अधिकांश देशों की ग्रोथ रेट में कमजोरी का माहौल है। ऐसा लगता है कि जोखिम से बचने वाले निवेशक सोने की तरफ बड़े पैमाने पर आकर्षित हुए हैं। इस तेजी में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जियो-पोलिटिकल टेंशन के बीच तमाम देशों के सेंट्रल बैंकों द्वारा बड़े पैमाने पर गोल्ड की खरीदारी का भी बड़ा हाथ रहा है।



### सुरक्षित निवेश

सोने को शेयर बाजार की तुलना में हमेशा ही ज्यादा सुरक्षित निवेश माना जाता है। ऐसे में इतना ऊंचा रिटर्न वाकई निवेशकों के लिए काफी बड़ी खुशखबरी है। लगातार ऊंची ब्याज दरों के बावजूद सोने की इस तेजी से पता चलता है कि सेफ हेवन इनवेस्टमेंट के तौर पर सोने की स्थिति कितनी मजबूत है।

### आगे भी रहेगा तेजी का रुझान?

सोने की कीमतें फिलहाल घरेलू और ग्लोबल, दोनों बाजारों में रिकॉर्ड हाई के करीब चल रही हैं। ऐसे में सवाल यह है कि क्या तेजी का रुझान आगे भी बने रहने के आसार हैं? या फिर इसमें बदलाव देखने को मिलेगा? गोल्ड को मजबूती देने वाले कारणों पर विचार करें तो लगता है कि जियो-पोलिटिकल टेंशन की वजह से बढ़ी सेफ हेवन इनवेस्टमेंट वाली डिमांड अभी बनी रहेगी। ऐसा इसलिए, क्योंकि अमेरिका और चीन के बीच आपसी तनाव बने रहने के आसार हैं। इजरायल का फिलिस्तीन पर हमला हो या यूक्रेन और रूस की जंग, उनके भी बहुत जल्द थमने के संकेत नहीं हैं। इसके अलावा अगर अमेरिकी फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में कटौती करता है, तो इससे सोने की मांग को एक और बूस्ट मिल सकता है।

### सोने की कीमतों को प्रभावित करने वाले फैक्टर

दरअसल, सोना एक ऐसा एसेट है, जिसमें निवेश करने पर ब्याज नहीं मिलता। लिहाजा, जब ब्याज दरें घटती हैं, तो सोने में निवेश तुलनात्मक रूप से और आकर्षक हो जाता है। हालांकि अब तक यह बात पूरी तरह साफ नहीं है कि यूएस फेड वाकई ब्याज दरों में कटौती करेगा या नहीं और करेगा तो कब, लेकिन उसके इस दिशा में कदम उठाने की उम्मीद बढ़ती लग रही है। फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की अगली बैठक 31 जुलाई को होनी है। पिछले हफ्ते अमेरिका के मैक्रो इकनॉमिक डेटा में खराब आर्थिक प्रदर्शन के संकेत मिलने से इन उम्मीदों को ताकत मिली है कि सितंबर तक ब्याज दरों में राहत मिल सकती है।

**पॉलिसी** पहले प्लानिंग करें और फिर निवेश की सोचें, सोची-समझी रणनीति हमारे जीवन के लक्ष्यों को सुरक्षित करने में मददगार

## जैसे फुटबॉल में जीत के लिए मजबूत डिफेंस जरूरी है, वैसे ही परिवार के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए सही फाइनेंशियल प्लानिंग जरूरी है

# बनाएं रणनीति, लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी भी बन सकती गेमचेंजर, पूरे कर सकती है आपके फाइनेंशियल गोल

समझदारी

बिजनेस डेस्क

अगर आप भी निवेश हैं या करने जा रहे हैं तो जान लें कि निवेश भी फुअबॉल के मैच की तरह ही होता है। फुटबॉल प्रेमी होने के नाते, मुझे यह खेल बेहद रोमांचक लगता है, लेकिन इसमें धैर्य, दृढ़ता और समय की ज़रूरत होती है। दरअसल यह खेल कभी भी कोई भी मोड़ ले सकता है और यही इसके आकर्षण को और बढ़ा देता है। जीवन, एक फुटबॉल मैच की तरह, स्वाभाविक रूप से अप्रत्याशित घटनाओं की श्रृंखला का नाम है। रोजमर्रा के जीवन में और फाइनेंशियल प्लानिंग के मामले में पर्याप्त बचाव की जरूरत होती है। उचित रणनीति और सोची-समझी चालें, हमारे जीवन के लक्ष्यों को सुरक्षित करने में बहुत मदद कर सकती हैं।

### बेहद अहम है लाइफ इंश्योरेंस

बेयर ब्रायंट का यह कथन बेहद मशहूर है कि आक्रामकता से टिकट बिकता है, डिफेंस से चैंपियनशिप जीती जाती है। निवेश विकल्प के सही मिक्स के साथ बेहतर फाइनेंशियल प्लान वह डिफेंस तैयार करता है, जिसकी आपको अपने वित्तीय भविष्य को सुरक्षित करने के लिए आवश्यकता होती है। बढ़ती वित्तीय साक्षरता, आय के बढ़ते स्तर और अधिक जागरूकता के साथ-साथ अधिक टेक्नोलॉजी अपनाने और नीतिगत सुधारों के साथ, भारत में अधिक से अधिक परिवार लॉन्ग टर्म फाइनेंशियल प्लान की आवश्यकता समझ रहे हैं। लोग सुरक्षा के लिए कई लाभ देने वाली लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी के महत्व को समझने लगे हैं। दरअसल, लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी समग्र घरेलू वित्तीय बचत मिक्स में टॉप तीन पसंदीदा निवेश विकल्पों में से एक है। वित्त वर्ष 2019 से वित्त वर्ष 2023 तक इसमें 11% के सीएजीआर से बढ़ोतरी दर्ज हुई है, जिसका कुल वित्तीय बचत में 18% का योगदान है।



### क्या बीमा कवर पर्याप्त है

अगर हम इसे बीमा की पैठ के नजरिए से देखें तो स्थिति वास्तव में आशावादी दिखती है, क्योंकि हमारे देश में लगभग 70 फीसदी परिवार किसी न किसी तरह की लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी से सुरक्षित हैं। मुझे यह वृद्धि कुल मिलाकर सकारात्मक संकेत नज़र आती है, हालांकि, चिंताजनक पहलू या मुख्य प्रश्न यह है कि क्या कवर (सुरक्षा) पर्याप्त है? सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक होने के बावजूद, विश्व बैंक के आंकड़ों से पता चलता है कि भारत में जीडीपी के परसेंटेज के तौर पर कुल बीमित रकम मुश्किल से 70% है, जबकि अमेरिका में यह 251%, थाईलैंड में 143% और मलेशिया में 153% है। यह बीमा कवरेज की मात्रा में अहम अंतर को दर्शाता है। जब कोई इंश्योरेंस पॉलिसी खरीदी जाती है, तो लोग हमेशा इस बात को ध्यान में नहीं रखते कि वास्तव में जरूरत पड़ने पर पर्याप्त जीवन कवर की आवश्यकता होगी।

### टर्म प्लान में पर्याप्त कवरेज जरूरी

पर्याप्त लाइफ इंश्योरेंस के बिना, परिवारों को प्रमुख वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए अन्य एसेट्स को बेचने या अन्य निवेशों को भुनाने के लिए मज़बूर होना पड़ सकता है, जिससे उनके जीवन के लक्ष्य प्रभावित हो सकते हैं और भारतीय इस जरूरत को तेजी से पहचान रहे हैं। अपर्याप्त कवरेज के कारण अक्सर परिवारों को अपर्याप्त वित्तीय सहायता मिलती है, जिससे उनकी ज़रूरतों का केवल एक हिस्सा ही पूरा होता है, जिससे टर्म प्लान का उद्देश्य अप्रभावी हो जाता है। मौजूदा आय, बचत, देनदारियों और पारिवारिक स्थिति का व्यापक मूल्यांकन लाइफ इंश्योरेंस के उपयुक्त स्तर को तय करने में मदद कर सकता है, जिसे वित्तीय और जीवन लक्ष्य प्लान का हिस्सा होना चाहिए। सामान्य नियम यह है कि किसी शख्स की सालाना आय का 10 गुना लाइफ इंश्योरेंस सुरक्षित किया जाना चाहिए। इससे पॉलिसीहोल्डर के परिवार को दुर्भाग्य से उसके मृत्यु की स्थिति में वित्तीय सहायता ठीक तरह से मिलेगी।

### कहां मिलेगा ज्यादा रिटर्न

हाल के दिनों में हमने देखा है कि हमारी रेगुलेटरी बॉडी इरडा ने '2047 तक सभी के लिए बीमा' उपलब्ध कराने की दिशा में कई तरह के सुधार किए हैं। इनमें व्यवसाय और रेगुलेटरी माहौल को बेहतर के साथ-साथ जोखिम आधारित पूंजी व्यवस्था, आईएफआरएस और जोखिम आधारित ऑब्जर्वेशन स्ट्रक्चर को लागू करना शामिल है। यह सब इसलिए किया गया है कि अगले कुछ सालों में भारत में बीमा पैठ बढ़े। दिलचस्प बात यह है कि इरडा लगातार अपने डिजिटल इकोसिस्टम का विस्तार कर रहा है, अनुकूल कारोबारी माहौल बना रहा है और रेगुलेटरी माहौल को बेहतर बना रहा है और यह सब इस क्षेत्र के विकास को सुनिश्चित करने और देश के अधिक से अधिक लोगों के लिए बीमा सुलभ बनाने के लिए किया जा रहा है।

### लक्ष्यों को ट्रैक पर रखें

इंडस्ट्री और रेगुलेटरी मिलकर नए, सरल और नवोन्मेषी प्लान, वितरण चैनलों में सुधार और नए जमाने की टेक्नोलॉजी को अपनाकर तेज और अधिक पारदर्शी प्रक्रियाओं के जरिये कई उपाय कर रहे हैं। इसका मकसद है लाइफ इंश्योरेंस की पहुंच बढ़ाना और पर्याप्त कवरेज के बारे में जानकारी बढ़ाना। यह सभी के लिए अपने वित्तीय पोर्टफोलियो की समीक्षा करने और पर्याप्त जीवन कवर के महत्व को समझने के लिए अनुकूल माहौल और अवसर प्रस्तुत करता है। जिस तरह फुटबॉल में एक मजबूत डिफेंस योजना खेल-जीतने वाला सीजन सुनिश्चित करती है, उसी तरह आपके वित्तीय पोर्टफोलियो में उचित रक्षा योजना आपके परिवार को अपने जीवन के लक्ष्यों को ट्रैक पर रखने में मदद करती है।

## खबर संक्षेप



### जितने अधिक पेड़ होंगे पर्यावरण भी उतना ही शुद्ध रहेगा : सिंगला

**हिसार।** अग्रवाल सेवा समिति अर्बन-एस्टेट 2, का पौधरोपण अभियान के तहत मंगलवार को अग्रवाल सेवा समिति अर्बन-एस्टेट 2 के प्रधान जय कुमार बंसल की अध्यक्षता में अर्बन स्टेट में स्थित मॉडर्न पार्क नजदीक हुड्डा ऑफिस में पौधरोपण अभियान चलाया। इस मौके पर समिति के कोऑर्डिनेटर डीएन सिंगला व प्रवक्ता संजय डालमिया ने कहा कि अधिक से अधिक पेड़ पौधे वहीं लगाने चाहिए जहां उनकी अच्छे से देख भाल हो सके समय पर खाद पानी मिले। हमारे जीवन में पेड़ों का बहुत महत्व है जितने अधिक पेड़ होंगे पर्यावरण भी उतना ही शुद्ध रहेगा।

### पौधरोपण कर देखरेख का लिया संकल्प

**नारनौंद।** सृष्टि स्कूल की तरफ से मंगलवार को पौधरोपण कर इनकी देखरेख करने का संकल्प दिलाया। इसी कड़ी में स्कूल प्रबंधक अनूप लोहान के दिशा-निर्देश में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें छात्रों के साथ-साथ अध्यापकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और ज्यादा से ज्यादा पेट पौधे लगाने के लिए लोगों को भी जागरूक किया। अनूप लोहान ने बताया की पर्यावरण बचाने की जिम्मेदारी हम सबकी है। पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए सभी से अपील की कि हमे अपने-अपने जन्मदिवस पर एक-एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए।

### धर्मेंद्र मलिक वेलफेयर एसो के प्रधान बने

**हिसार।** वेलफेयर एसोसिएशन पॉकेट बी, सेक्टर 14 की बैठक वरिष्ठ सदस्य विजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुई जिसमें एसोसिएशन का चुनाव करवाया गया तथा मार्किट के सभी दुकानदारों ने सर्वसम्मति से धर्मेंद्र मलिक को प्रधान चुन लिया। एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारियों में संदीप अग्रवाल को सचिव, राजेंद्र सैनी वरिष्ठ उपप्रधान, कुलदीप कुमार उपप्रधान, नवीन कुमार संयुक्त सचिव, अनिल गुप्ता खजांची, धीरज पंवार कानूनी सलाहकार व पृथ्वी सिंह गिला बिश्नोई मीडिया प्रभारी बनाए गए। कार्यकारिणी सदस्यों में राजेंद्र सिंगल, राहुल अरोड़ा, सुनील वर्मा, किशोर गोयन्का, रमेश, तुषार, प्रदीप, पुनीत, नीरज को लिया गया।

### नृसिंह प्रह्लाद रामलीला दशहरा सभा की बैठक

**हिसार।** नृसिंह प्रह्लाद रामलीला दशहरा सभा, मुलतानी चौक की आम सभा की बैठक प्रधान सुरेश कक्कड़ की अध्यक्षता में पंजाबी धर्मशाला में हुई जिसमें इस वर्ष 12 अक्तूबर को दशहरा महोत्सव धूमधाम से मनाने का फैसला लिया गया। हनुमान चालीसा से शुरु हुई बैठक में दशहरा महोत्सव मुलतानी चौक पार्क में मनाने की बजाय किसी अन्य खुले स्थान पर मनाने के लिए कमेटी गठित करके प्रशासनिक अधिकारियों से मिलने पर सहमति हुई। दशहरा महोत्सव के सफल आयोजन के लिये सभा सदस्यों की ड्यूटियां भी लगाई गई।

### डेड लाइन हुई कब की पार, पुल निर्माण में देरी से नाराजगी

# दो अक्तूबर तक पुल व अंडरपास नहीं बनाया तो होगी विभाग की तालेबंदी

डेढ़ घंटे चली बैठक के बाद ठेकेदार ने 30 अगस्त तक कार्य पूरा करने का दिया भरोसा, सूर्य नगर आरयूबी, आरओबी, साउथ बाइपास पुल की डेड लाइन को लेकर पीडब्ल्यूडी अधिकारियों से मिला हिसार संघर्ष समिति व शहरवासियों का प्रतिनिधिमंडल



**हिसार।** पीडब्ल्यूडी बीएंडआर अधिकारियों से चर्चा करता प्रतिनिधिमंडल। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

सूर्य नगर अंडरपास व ओवर ब्रिज तथा साउथ बाइपास बन रहे आरओबी में हो रही भारी देरी के चलते शहरवासियों की परेशानी को लेकर हिसार संघर्ष समिति के तत्वावधान में शहरवासियों का एक प्रतिनिधिमंडल पीडब्ल्यूडी बी एंड आर के अधिकारियों से मिला। दस सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में सैक्टर 1-4, सैक्टर 3, सैक्टर 5 व सूरजमल एंक्लेव आदि क्षेत्रों व मदद संस्था के प्रतिनिधि शामिल रहे। प्रतिनिधिमंडल ने विभाग के एसडीओ व जेई से लगभग डेढ़ घंटे तक बैठक की, जिसमें अधिकारियों ने काम के दौरान आ रही दिक्कतों के बारे में विस्तार से चर्चा की। जब समिति ने अधिकारियों से इस काम को पूरा करने की डेडलाइन के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा कि ठेकेदार ने विभाग को 30 अगस्त 2024 तक काम पूरा करने की बात कही है। समिति सदस्यों ने कहा कि जनता के इंतजार की अब इंतेहा हो गई है। हर तरह के अल्टीमेटम देने के बावजूद विभाग के कानों पर कोई जूं नहीं रेंग रही है। यहां आए दिन लोगों को हादसे का शिकार होना पड़ता है तथा अब तो यह हादसों के पुल के नाम से कुख्यात हो चुका है। हिसार संघर्ष समिति के अध्यक्ष जितेन्द्र श्योराण ने कहा कि इस बारे में कोई आवाज उठाता है सत्तारूढ़ दलों द्वारा इसे राजनीति करार दिया जाता है। यदि सत्तारूढ़ भाजपा चाहती है कि इस पर राजनीति न हो तो वह तयशुदा समय यानि 30 अगस्त तक इस पुल का निर्माण करवाए। समिति अध्यक्ष ने चेतावनी देते हुए कहा कि हम विभाग को 2 अक्तूबर तक का समय देते हैं यदि इस समय सीमा में पुल का निर्माण पूरा नहीं हुआ तो गांधीवादी तरीके से विभाग के कार्यालय के गेट पर ताला लगाकर यहां धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया जाएगा। यदि 2 अक्तूबर तक पुल व अंडरपास का निर्माण पूरा नहीं हुआ

#### शनिवार का धरना यथावत जारी रहेगा

उन्होंने कहा कि मदद संस्था व अन्य क्षेत्रवासियों द्वारा शनिवार को धरना चलाया जा रहा है वह यथावत जारी रहेगा। इस अवसर पर मनिन्द्र सेठी, शमशेर पूनिया, रामनिवास पूनिया, मदद संस्था के संजीव भोजराज, मास्टर रामदास जी, जसमेन्द्र दूहन, सतबीर खान, राजेश सिंगला इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

#### इन एरिया के लोगों को हो रही परेशानी

सूर्य नगर पर पिछले 6 वर्षों से शहर की हजारों की आबादी परेशानियां झेल रही है। सूर्य नगर, शिव कालोनी, सैक्टर 1, 3, 4, 5, सूरजमल इन्कलेव, अर्बन एस्टेट, मिल गेट आदि के निवासी लंबे अरसे से पुल को लेकर परेशान हैं लेकिन न ही तो प्रशासन और न ही यहां के विधायक को जनता की परेशानियों से कोई लेना-देना है और पुल का कार्य कछुए की गति से चल रहा है। वहीं साउथ बाई पास पुल भी लंबे समय से बनाया जा रहा है जिसके चलते भारी वाहन शहर से होकर गुजर रहे हैं। दिन में तो ये भारी वाहन पुलिस के डर से शहर से होकर नहीं गुजरते लेकिन रात में सैक्टर 9-11 के अंदर से राजस्थान की ओर जाने वाले भारी वाहनों का तांता लग जाता है जिससे सैक्टरवासियों को जान-मान का खतरा बना रहता है।



**हिसार।** मोक्ष वृद्धाश्रम में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेते विद्यार्थी व पदाधिकारी।

## विद्यार्थियों ने भजनों व गीतों से बांध दिया समां

- बुजुर्गों की मुस्कराहट के लिए मोक्ष वृद्धाश्रम में गीत-संगीत कार्यक्रम का आयोजन
- मोक्ष वृद्धाश्रम में रोटरी सेंट्रल हिसार डायनमिक ने आयोजित किया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

मोक्ष वृद्धाश्रम में रोटरी सेंट्रल हिसार डायनमिक द्वारा स्प्रेडिंग स्माइल्स एट ओल्ड एज होम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्प्रिंग फील्ड स्कूल के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर मन मोह लिया और भजन व गीत गाकर समां बांध दिया। इस दौरान रोटरी सेंट्रल के पदाधिकारियों व सदस्यों ने मोक्ष वृद्धाश्रम के बुजुर्गों से मुलाकात करके उनकी दिनचर्या की जानकारी ली।

विद्यार्थियों ने बुजुर्गों के साथ अपने विद्यालय के अनुभव साझा किए और बुजुर्गों से आशीर्वाद प्राप्त किया। बुजुर्गों के चेहरे पर मुस्कराहट लाने के उद्देश्य से आयोजित किए गए इस कार्यक्रम के दौरान रोटरी सेंट्रल हिसार डायनमिक की प्रेसिडेंट नीरजा खन्ना, सचिव संगीता कत्याल, कोषाध्यक्ष कृष्णा खन्ना, प्रोजेक्ट चेयरमैन अर्चना ठकराल, को-प्रोजेक्ट चेयरमैन सीमा रहेजा व गीतांजलि महता सहित काफी संख्या में पदाधिकारी व स्वयंसेवक उपस्थित रहे। इस अवसर पर मोक्ष वृद्धाश्रम की संरक्षक पंकज संधीर व प्रधान विजय भृगु व स्टाफ सदस्य भी विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान संगीत की सुर लहरियों के साथ विद्यार्थियों ने जब भजन व गीतों की श्रृंखला शुरू की तो मोक्ष वृद्धाश्रम के सभी बुजुर्ग उत्साहित होकर झूमने लगे। इसमें रोटरी सेंट्रल के पदाधिकारियों व विद्यार्थियों ने खूब साथ दिया। इस अवसर पर निशुल्क चिकित्सा सेवा कार्यों के लिए डॉ. रंजना पोपली को मोक्ष वृद्धाश्रम की तरफ से संरक्षक पंकज संधीर ने स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। रोटरी सेंट्रल के पदाधिकारियों को भी स्मृति चिह्न प्रदान किए गए।

## मुफ्त परामर्श के साथ दवा भी बांटी

- अग्रोहा मेडिकल ने स्वास्थ्य शिविर में जांचा 300 लोगों का स्वास्थ्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

जिले के गांव नंगथला में महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज के सहयोग व कम्यूनिटी मेडिसन विभाग के तत्वावधान से /"परिवार गोद कार्यक्रम/" के तहत आयोजित स्वास्थ्य शिविर मे लगभग 300 मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर दवा दी गई। कैम्प में जनरल मेडिसन, दांत, आंख, नाक, कान, स्त्री रोग, बच्चा रोग आदि विशेषज्ञों ने मरीजों की जांच की और उचित परामर्श दिया। कैम्प में निशुल्क दवाओं का वितरण भी किया गया। कैम्प का



**हिसार।** मेडिकल जांच शिविर में जांच कराने पहुंचे ग्रामीण। *फोटो : हरिभूमि*

आयोजन गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति स्कूल में किया गया था। मरीजों की जांच कर रहे चिकित्सकों ने बताया कि इस समय बीमारियों से बचने के लिए सभी को सावधानी रखने की आवश्यकता है। बरसात का मौसम चल रहा है, जिसमें बीमारियां हावी होने का प्रयास करती हैं। इस मौसम में सफाई का विशेष ध्यान रखें। ताजे भोजन के अलावा पानी उबाल कर

### सरकार को साढ़े नौ वर्ष बाद गलती का एहसास

**हांसी।** कांग्रेस नेता योगेंद्र योगी ने कहा कि भाजपा सरकार ने क्रिमी लेयर को लेकर साढ़े नौ साल के कार्यकाल में पिछड़ा वर्ग को परेशान करने का काम किया है।



विधानसभा चुनाव में हार के डर से भाजपा सरकार को क्रीमी लेयर में बढ़ोत्तरी करनी पड़ी है। योगेंद्र योगी ने कहा कि भाजपा सरकार ने 2014 में सरकार बनते केंद्र की तर्ज से क्रीमी लेयर को घटाकर 6 लाख करने का काम किया था। इसके साथ 6 लाख की सीमा में कृषि आय व नौकरी आय जोड़ी दी गई थी। जिसके चलते पिछड़ा वर्ग पिछले साढ़े नौ सालों काफी नुकसान उठाना पड़ा है।

## बच्चों की तरह करें पौधों की देखभाल

- गांव ढाणी कुतूबपुर व हांसी में पौधारोपण अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

भाजपा द्वारा पर्यावरण को बचाने के लिए शुरू किए गए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत भाजपा प्रदेश महामंत्री गायत्री देवी व उनकी टीम ने मंगलवार को गांव ढाणी कुतूबपुर व हांसी में पौधारोपण अभियान चलाया गया। और सैकड़ों पौधे रोपित किए। इस अवसर पर गायत्री देवी ने कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन का आधार हैं। यदि यह आधार ही समाप्त हो गया तो पृथ्वी पर जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। पृथ्वी पर जीवन को बचाने के लिए पेड़ पौधे लगाना



**हांसी।** ढाणी कुतुबपुर में अपनी टीम के साथ पौधरोपण करती गायत्री देवी।

जरूरी है। उन्होंने कहा कि लगातार खत्म हो रहे वनों के कारण पर्यावरण संतुलन बिगड़ता जा रहा है। यदि हम सभी ने हालात की गंभीरता को नहीं समझा तो इसका खामियाजा आने वाली पीढ़ियों को भुगतना पड़ेगा। इसलिए हम सभी को पौधारोपण करना चाहिए।

## आरडीएम के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ उकलाना

जिला लीगल लिटरेसी कार्यक्रम के तहत खंड स्तरीय आयोजन क्षेत्रीय राजकीय विद्यालय में किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के सरकारी और गैर सरकारी विद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया। आर.डी.एम सरस्वती के विद्यार्थियों ने वाद- विवाद, निबंध, भाषण आदि विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न गतिविधियों में शानदार जीत हासिल की। घोषित परिणाम के अनुसार निबंध लेखन में दसवीं 'सी' की पायल, वाद- विवाद में दशवी 'सी' के मोहित व निखिल



तथा भाषण प्रतियोगिता में कक्षा ग्यारहवीं कला संकाय की यशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। खंड स्तर पर विजेता बनने पर विद्यार्थियों का जिला स्तरीय प्रतियोगिता में जाना सुनिश्चित है। जिला स्तरीय कार्यक्रम आगामी सप्ताह में होगा। संस्था निदेशक डॉक्टर के.सी. शर्मा व प्रधानाचार्या डॉक्टर शालू .एस. कटारिया ने विजेता विद्यार्थियों व आर.डी.एम परिवार को बधाई दी।

## स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का निर्माण

- रोटरी सैंट्रल हिसार द्वारा ताइक्वांडो प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

रोटरी सैंट्रल ने 22वीं हिसार डिस्ट्रिक्ट ताइक्वांडो चैम्पियनशिप को प्रायोजित किया। यह जानकारी देते हुए रोटरी सैंटल हिसार के अध्यक्ष रोटेरियन नीतिन ग्रोवर ने बताया कि इस प्रतियोगिता में संस्था ने चैम्पियनशिप के लिए प्रोत्साहन राशि का सहयोग किया। अपने सम्बोधन में नीतिन ग्रोवर ने बच्चों को खेल को खेल की भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का निर्माण करता है, अतः बच्चों को खेलकूद की गतिविधियों में




**हिसार।** सम्मानित करते रोटरी क्लब के पदाधिकारी व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

अवश्य भाग लेना चाहिए। प्रतियोगिता में लगभग 200 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर पर ताइक्वांडो संस्था के प्रधान एडवोकेट सुरेन्द्र मोहन आनन्द, रोटरी सैंटल हिसार के सचिव नवीन साहनी, प्रोजेक्ट चेयरमैन रवि महता, को-प्रोजेक्ट चेयरमैन विनोद आहूजा व रोटरी क्लब के सदस्य हरीश जुनेजा, पी.पी. तनेजा, रविन्द्र, नीरू तथा अमिता साहनी भी उपस्थित रहे।

## एक कैडेट एक पौधा पहल कार्यक्रम का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

श्री गुरु गोरक्षनाथ जी राजकीय महाविद्यालय में एनसीसी आर्मी महिला विंग बटालियन कैडेट के द्वारा पौधरोपण किया गया। प्राचार्य डॉ. विवेक सैनी की अध्यक्षता में इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उन्होंने बताया कि सभी कैडेट्स एक पौधा अपनी मां के नाम कॉलेज में लगाएंगे और इस तरह से हम पर्यावरण को बचाने में क़ामयाब होंगे। इस कार्यक्रम में कैप्टन स्नेह लता ने बताया कि सभी कैडेट एक पौधा ज़रूर लगाएं जिससे पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रख सकते हैं। महाविद्यालय प्रेस प्रवक्ता डॉ.



**हिसार।** पौधा लगाकर अभियान का शुभारंभ करते कैडेट्स। *फोटो : हरिभूमि*

राजपाल ने बताया कि वर्तमान परिपेक्ष में पर्यावरण का संरक्षण ज़रूरी है। पौधरोपण कार्यक्रम में अंडर ऑफिसर विभा सहित नीतिका, सोनिया, अंजली, कोमल, सरिता, दीप्ति मंजू, ज्योति, अनीता सभी कैडेट्स उपस्थित रही। सौंदर्यीकरण समन्वयक डॉ. पंकज गिल भी मौजूद रही।

### प्रभावशाली कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

# आईएंडसी डिप्लोमा के 7 छात्रों को कैंपस प्लेसमेंट

- छात्रों को तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ सॉफ्ट स्किल्स का भी प्रशिक्षण दिया जाता है

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी के इंस्ट्रूमेंटेशन एंड कंट्रोल (आई एंड सी) शाखा के अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए एक प्रभावशाली कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया, जिसमें एनरिच एग्रो फूड प्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड (कोका कोला), रोहतक, जिंदल स्टील प्राइवेट लिमिटेड, हिसार और मींडा



**हिसार।** संस्थान के प्रधानाचार्य सुनील कुमार व स्टाफ के साथ चयनित विद्यार्थी।

ग्रुप जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया। इस आयोजन में छात्रों को इन तीन प्रतिष्ठित कंपनियों में करियर शुरू करने का महत्वपूर्ण अवसर प्राप्त हुआ। प्लेसमेंट ड्राइव में दूपिक, अंकुश और निशांत का चयन एनरिच एग्रो फूड प्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड में, अजय यादव, अमन सैनी और रोहित का चयन जिंदल स्टील प्राइवेट लिमिटेड में, और पवन का चयन मींडा ग्रुप में हुआ।

#### छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की

विभागाध्यक्ष रजत ठकराल ने कंपनियों के एचआर मैनेजर्स को संबोधित करते हुए कहा कि इस संस्थान में छात्रों को तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ सॉफ्ट स्किल्स का भी प्रशिक्षण दिया जाता है, जिससे वे अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। आई एंड सी विभाग के प्रमुख रजत ठकराल ने भी आयोजन की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी (टीपीओ) मुकेश बंसल ने मुख्य समन्वयक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और उनके प्रयासों से प्लेसमेंट ड्राइव सुचारू रूप से संपन्न हुई। संस्थान के प्रधानाचार्य सुनील कुमार और रजत ठकराल ने चयनित छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## बच्चे देश की सबसे बड़ी ताकत

- जिला एडीआर सेंटर में रिस्टोरिंग द यूथ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण के निर्देशानुसार तथा जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के अध्यक्ष व जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिनेश कुमार मित्तल की अध्यक्षता में कोर्ट परिसर स्थित जिला एडीआर सेंटर में रिस्टोरिंग दा यूथ-ए पेन इंडिया अभियान के तहत किशोर न्याय अधिनियम-2015 बारे एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम ईशा खत्री ने



**हिसार।** कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता। *फोटो : हरिभूमि*

उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए बताया कि बच्चे देश की सबसे बड़ी ताकत होते हैं। सभी बच्चों को शोषण मुक्त जीवन जीने का अधिकार होता है। उन्होंने कहा कि यह हम सब की जिम्मेदारी है कि हम अपने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सुरक्षित वातावरण प्रदान करें। किशोर न्याय अधिनियम-2015 के प्रावधानों के बारे में प्रतिभागियों को विस्तार जानकारी देते हुए उन्होंने बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों जैसे बच्चों की पहचान प्रकट करना, उनके साथ क्रूरता करना, भीख मंगवाना तथा नशे की तस्करी करवाना आदि के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी।

## खबर संक्षेप

### 908 ग्राम गांजे समेत व्यक्ति काबू

**हिसार।** पुलिस ने भानु चौक पर एक व्यक्ति को 908 ग्राम गांजे समेत पकड़ा है। पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज कर लिया है। सदर थाना के उप निरीक्षक अमर सिंह ने बताया कि टीम ने गश्त के दौरान सूचना के आधार पर भानु चौक पर कैंट की तरफ से आ रहे एक युवक को काबू किया। जिसने अपनी पहचान गांव सातरोड खास निवासी संजय बताया। तलाशी लेने पर उसके पास 908 ग्राम गांजा बरामद हुआ।

### महिला के साथ किया दुष्कर्म, केस दर्ज

**हिसार।** जिले के एक गांव में रहने वाली महिला ने दुष्कर्म का केस दर्ज करवाया है। आरोप पीड़िता ने अपनी ससुराल पक्ष के एक सदस्य पर लगाया है। आरोप है कि आरोपी ने पहली बार उसके साथ रेप वर्ष 1993 में उसकी शादी के एक सप्ताह बाद किया था। उसके बाद से वह कई बार उसके साथ दुष्कर्म कर चुका है। पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। अभी गिरफ्तारी नहीं हुई है।

### दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में रोग उपचार सेवाएं शुरू

**हिसार।** स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने वाले दिव्यांग पुनर्वास एवं स्वास्थ्य केंद्र में सामान्य रोग उपचार सेवाएं शुरू हो गई हैं। दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अध्यक्ष सुरेंद्र कुच्छल, सचिव एडवोकेट राजेश जैन व प्रोजेक्ट हेड रामनिवास अग्रवाल ने बताया कि खांसी, जुकाम, बुखार, अस्थमा, पेट रोग एवं अन्य सामान्य रोगों के उपचार के लिए मरीज दिव्यांग केंद्र के अनुभवी व प्रशिक्षित चिकित्सकों का लाभ उठा सकते हैं। इसके साथ ही जरूरतमंद मरीज आंखों के सफेद मोतियाबिंद के निशुल्क ऑपरेशन भी करवा सकते हैं। फ्री नेत्र ऑपरेशन के लिए किसी भी कार्यदिवस में दिव्यांग केंद्र में निशुल्क पंजीकरण करवाया जा सकता है।

### सरकार की योजनाओं की दी गई जानकारी

**हिसार।** सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग, हरियाणा की ओर से चलाए जा रहे विशेष प्रचार अभियान के तहत विभागीय व सूचीबद्ध भजन पार्टी प्रतिदिन ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर ग्रामीणों को भजन व गीतों के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व नीतियों के प्रति जागरूक कर कर रही हैं। विशेष प्रचार अभियान के तहत भजन पार्टी ने गांव कुंभा खेड़ा, उमरा, मुजादपुर आदि गांवों में पहुंचकर गीतों व भजनों के माध्यम से आमजन को सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से अवगत कराया।

### तिरुपति धाम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव कल

**हिसार।** उत्तर भारतीय व दक्षिण भारतीय संस्कृति को एकसूत्र में बांधने वाले श्री तिरुपति बालाजी धाम में 18 जुलाई को गुरु पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर वृंदावन से नारायणाचार्य जी महाराज विशेष रूप से श्री तिरुपति धाम पधारेंगे। परम पद प्राप्त अनंत विभूषित जगदगुरु त्रिदंडी जीयर स्वामी श्री देवनारायणाचार्य जी महाराज के परम कृपापात्र नवनियुक्त अभिनव उत्तराधिकारी अनंत श्री विभूषित सर्वश्री स्वामी श्री नारायणाचार्य जी महाराज के सान्निध्य में यह महोत्सव आयोजित किया गया।

## भाजपा जिला मुख्यालय पर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

# साइकिल यात्रा पहुंची हिसार, क्लेरिकल एसोसिएशन वेलफेयर सोसायटी की चेतावनी

### आज यशवीर चौहाना के नेतृत्व में जींद के लिए रवाना होगी यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

क्लेरिकल एसोसिएशन वेलफेयर सोसायटी हरियाणा के आह्वान पर सिरसा से शुरू हुई साइकिल यात्रा फतेहाबाद जिला प्रधान संदीप पुनिया के नेतृत्व में लिपिकों का एक दल मंगलवार दोपहर बाद हिसार पहुंचा। यहां पहुंचने पर जिला हिसार प्रधान जितेंद्र श्योराण ने दल का स्वागत किया व भाजपा कार्यालय जाकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। 7 जुलाई को हरियाणा के लिपिकीय वर्ग ने अपनी मांगों को लेकर करनाल में रोष प्रदर्शन किया था। उसी दिन क्लेरिकल एसोसिएशन वेलफेयर सोसाइटी के प्रतिनिधिमंडल ने करनाल में मुख्यमंत्री आवास पर सीएम नायब सैनी से अपनी मांगों को लेकर बैठक की थी। जिसमें सीएम ने संगठन के प्रतिनिधिमंडल को 10 जुलाई को चंडीगढ़ सचिवालय में अधिकारियों के साथ बातचीत करने का आश्वासन दिया था। 10 जुलाई को मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजेश खुल्लर से मिला। प्रधान सचिव ने उस दिन बैठक में लिपिक वर्ग की मांगों के प्रति ज्यादा गंभीरता नहीं दिखाई और अगली बैठक के लिए 16 जुलाई का समय दे दिया और आज दोबारा बैठक को टालते हुए 17 जुलाई का समय दे दिया गया। मंगलवार सुबह फतेहाबाद से चलकर हिसार पहुंची। 17 जुलाई को सुबह 9 बजे यशवीर चौहान के नेतृत्व में यात्रा हिसार से जींद के लिए चलेगी। इस मौके पर दीपक जांगड़ा, प्रधान राजेश घोटिया, सुशील सोनी, सुदर्शन, सुनील गुज्जर मौजूद रहे।



**हिसार।** भाजपा कार्यालय पर ज्ञापन देते सोसायटी के पदाधिकारी।

### विकलांग अधिकार मंच की बैठक आयोजित

**बरवाला।** विकलांग अधिकार मंच बरवाला ब्लॉक की बैठक जिला व ब्लॉक प्रधान कृष्ण गुरी की अध्यक्षता में बीडीपीओ कार्यालय में की गई। बैठक का संचालन ब्लॉक सचिव नसीब राजली ने किया। इसमें मंच के राज्य महासचिव ऋषिकेश राजली भी पहुंचे। ऋषिकेश राजली ने बताया कि केंद्र सरकार ने दिव्यांग अधिकार अधिनियम 2016 कानून तो बना दिया लेकिन हरियाणा राज्य में इसे लागू नहीं किया, इसी प्रकार युडीआईडी कार्ड विकलांगों के लिए जरूरी तो कर दिया लेकिन रेलवे विभाग और परिवहन विभागों में इसे मान्य नहीं किया गया है। इसके चलते दिव्यांग परेशान है। ब्लॉक सचिव नशीब राजली ने बताया कि 11 अगस्त को कुम्हार धर्मशाला में विकलांग अधिकार मंच के बरवाला ब्लॉक का सम्मेलन किया जाएगा। मीटिंग में नरेश भारतीय, बाबूलाल, रमेश सोढ़ी, सतीश बुगाना, दीपक बधावड़, सतवीर, आदि उपस्थित रहे।

## बिजली निगम व नेताओं की वार्ता सौहार्दपूर्ण रही

- संयुक्त किसान मोर्चा का धरना 202वें दिन में प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

संयुक्त किसान मोर्चा का लघु सचिवालय के बाहर धरना मंगलवार को 202 वें दिन में प्रवेश कर गया। धरने पर संयुक्त किसान मोर्चा की संयुक्त की जिम्मेदारी रही। उधर, मंगलवार को मोर्चा के नेताओं की बिजली की समस्या को लेकर बिजली निगम के अधिकारियों के साथ बैठक सौहार्दपूर्ण रही। ट्यूबवेल कनेक्शन का मुद्दा बहुत पुराना था बिजली निगम के अधिकारियों ने कहा कि सभी औपचारिकताएं पूरी कर दी हैं। 2021 के बाद ट्यूबवेल कनेक्शन की जितनी भी एप्लीकेशन आई हुई है बुधवार से ही कनैक्शन लगने शुरु हो जाएंगे। बिजली से संबन्धित जितने भी मुद्दें है, सभी का 15 दिन के अंदर समाधान करने का आश्वासन दिया। प्रशासन व दोनों बैंकों के कर्मचारियों की किसान मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल से मीटिंग हुई। बास बैंक का 13 करोड़ का फरोड़ है जिसमें 774 किसानों के साथ धोखाधड़ी हुई है। मीटिंग में प्रशासन व बैंक अधिकारियों ने भी यह स्वीकार किया। 109 किसानों के खाते व खसरा नम्बर में कोई कमी थी बाकि 665 किसानों के पैसे उनको मिलने चाहिए प्रशासन के सामने बैंक अधिकारियों ने जल्द पैसे देने का आश्वासन दिया। मय्यड़ बैंक के मामले के पैसे 10 दिनों में किसानों को दे दिए जाएंगे। धरने पर धर्मपाल बडाला, सतबीर धायल, राजीव मलिक, संदीप सिवाच, हर्षदीप गिल,शमशेर भेरिया, विरेंद्र बागोरिया, कृष्ण पाली मौजूद रहे।



**हिसार।** धरने पर बैठक संयुक्त किसान मोर्चा के पदाधिकारी।



**हिसार।** कार्यक्रम में सम्मानित करते हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के नवनिर्वाचित सदस्य साधु राम जाखड़, पीयूष मेहता व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

## विद्यार्थियों में छुपी प्रतिभा को निखारना होगा: पीयूष

- भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के सह संयोजक ने टीटीसी में युवाओं का बढ़ाया हौसला

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

ट्रैक्टर ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट में विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर स्किल सारथी अवार्ड कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के नवनिर्वाचित सदस्य साधु राम जाखड़ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए वहीं भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक पीयूष मेहता ने अति विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। विशिष्ट अतिथि के रूप में टीटीसी के डायरेक्टर डॉक्टर मुकेश जैन, डीएसपी विजयपाल सिंह, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश सचिव बलवान सिंह उपस्थित हुए। कार्यक्रम में बच्चों को कौशल विकास के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके पर स्किल के माध्यम से उपलब्धियां हासिल करने वाले युवाओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर बोलते हुए पीयूष मेहता ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने कौशल को निखारते हुए आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि नौकरी के लिए ज्यादा भाग दौड़ करने की बजाय अपने कौशल को इतना विकसित करने की कोशिश करें कि वह नौकरी लेने वाले की लाइन में नहीं बल्कि देने वालों में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने विद्यार्थियों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई हुई है। विद्यार्थियों के अंदर छुपी प्रतिभा को निखारने के लिए सरकार तरह-तरह की योजनाएं चलाई हुए हैं। इन योजनाओं के माध्यम से विद्यार्थी अपने कौशल को बाहर निकाल कर बहुत उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों के अभिभावकों का आह्वान किया की बच्चों पर अनावश्यक बोझ डालने की बजाय उनके अंदर छुपी हुई प्रतिभा को बाहर निकलने का प्रयास करें।

## शिकायतों का तत्काल करें निपटारा

- सहयोग की भावना से काम करे अधिकारी : तहसीलदार

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

तहसीलदार अनिल कुमार ने कहा कि समाधान शिविर में आने वाली आमजन की शिकायतों का समाधान प्राथमिकता के आधार पर करना सुनिश्चित करें तहसीलदार अनिल कुमार मंगलवार को समाधान शिविर में लोगों की सुनते हुए अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। उन्होंने बताया कि परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी, पेंशन, आधार कार्ड में त्रुटियों से सम्बंधित शिकायते प्राप्त हो रही हैं। अधिकारी सहयोग की भावना से कार्य करें और जनता की शिकायतों का निपटान करें। तहसीलदार अनिल कुमार ने बताया कि समाधान शिविर में विभिन्न विभागों से सम्बंधित 7 शिकायतें प्राप्त हो चुकी हैं इनमें से अधिकतर शिकायतों का समाधान किया जा चुका है, शेष शिकायतों का भी समाधान जल्द ही करवा दिया जायेगा। समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों में से 6 शिकायतें क्रीड विभाग से सम्बंधित थी, इन शिकायतों में परिवार पहचान पत्र में आय कम करवाने, राशन कार्ड बनवाने, पेंशन बनवाने से सम्बंधित थी। एक शिकायत सिंचाई विभाग द्वारा खेतों से ट्रांसफार्मर को शिफ्ट करवाने से सम्बंधित थी।



**हांसी।** समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते तहसीलदार अनिल कुमार।

## लुवास व कैरस लैबोरेटरीज के बीच समझौता

- लुवास पशु चिकित्सक 2018 बैच के पास आऊट होंगे सम्मानित।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

लाला लाजपत राय पशुचिकित्सा एवं पशुविज्ञान विश्वविद्यालय व कैरस लैबोरेटरीज प्राइवेट लिमिटेड, करनाल के मध्य समझौता हस्ताक्षर समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कुलपति डॉ. विनोद कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में कुलपति सचिवालय में हुआ। लुवास की ओर से डॉ. राजेश खुराना, निदेशक मानव संसाधन एवं प्रबंधन और कारस लैब्स की ओर से प्रबंध निदेशक डॉ. अरुण पिलानी ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। लुवास की ओर से पशु चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. गुलशन नारंग और दूसरे पक्ष की ओर से डॉ. दीपक कुमार, जीएम- सेल्स एंड मार्केटिंग ने इस अवसर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

समझौता ज्ञापन का उद्देश्य बीवीएससी एंड एएच. के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति/पुरस्कार आवंटित करना है। नैदानिक विषयों यानी मेडिसिन, सर्जरी, स्त्री रोग और क्लीनिक में उनकी समग्र योग्यता (ओजीपीए) के आधार पर उनकी कड़ी मेहनत और ज्ञान वृद्धि के लिए मनोबल बढ़ाने के लिए पुरस्कार दिया जाएगा।



**हिसार।** समझौते को लेकर दस्तावेजों का आदान-प्रदान करते अधिकारी।

### टॉपर तीन होंगे पुरस्कृत

सहयोग के अनुसार टॉपर को 51,000 रुपये, प्रथम रनर अप को 31,000 और दूसरे रनर अप को 21,000 रुपये के 3 पुरस्कार होंगे और यह पशु चिकित्सा शिक्षा और जागरूकता को बढ़ाने और प्रोत्साहित करने के लिए कैरस प्रयोगशालाओं की सीएसआर नीति के अनुसार सीएसआर गतिविधि का हिस्सा होगा। कैरस या उसके कार्यकारी पास होने वाले छात्रों के शपथ ग्रहण समारोह में इन पुरस्कारों का आवंटन करेंगे। लुवास के पशु चिकित्सा स्नातक छात्रों को 2018 बैच से पुरस्कार दिए जाएंगे। पुरस्कार 2018 बैच के पास होने से शुरू होकर 2023 में न्यूनतम 10 वर्षों की अवधि के लिए जारी रहेंगे।

## सर्वश्रेष्ठ कार्य करने पर हांसी लायंस क्लब सम्मानित



**हांसी।** लायंस क्लब की कैबिनेट मीटिंग में लायन्स क्लब, हांसी को हरियाणा में पर्यावरण सप्ताह के अन्तर्गत सर्वश्रेष्ठ कार्य के लिए प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह जानकारी देते हुए लायन सुरेश बंसल ने बताया कि हांसी लायंस क्लब द्वारा एक से 7 जुलाई तक पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण अभियान चलाया गया था और क्लब सदस्यों द्वारा 7 दिनों तक अलग अलग स्थानों पर पौधरोपण किया गया था। उन्होंने बताया कि लायंस क्लब, हांसी द्वारा 23 जुलाई को आमटी तालाब रोड़ स्थित लायन सेवा सदन पर निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया जाएगा।

## बालटाल में लगाया भंडारा

- 29 जून से शुरू हुआ भंडारा 19 जुलाई तक चलेगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

श्री शिव सेवा युवा मंडल चैरिटेबल एंड वेलफेयर ट्रस्ट, हिसार की ओर से बाबा अमरनाथ के दर्शनों को जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए कश्मीर स्थित बालटाल में हिसार भंडारे की व्यवस्था लगातार जारी है। यह भंडारा गत 29 जून से शुरू हुआ था और 19 अगस्त का चलेगा। यह जानकारी देते हुए ट्रस्ट के प्रधान विजय सैनी उर्फ टींकू तथा सचिव कृष्ण प्रकाश जी मेडिकल वाले ने बताया कि अमरनाथ साइन बोर्ड की ओर से पहली बार हिसार से इकलौते श्री शिव सेवा युवा मंडल चैरिटेबल एवं वेलफेयर ट्रस्ट को भंडारा लगाने की अनुमति दी गई है। इससे पहले ट्रस्ट टोहाना की समिति के साथ मिलकर पिछले 23 वर्षो से बालटाल में भंडारा लगाती रही है। उन्होंने बताया कि बालटाल में ट्रस्ट की टीम द्वारा हिसार भंडारा के नाम से बाबा अमरनाथ के दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं को अपनी सेवाएं दी जा रही है।



**हिसार।** भंडारे में प्रशाद ग्रहण करते श्रद्धालु। *फोटो : हरिभूमि*



## क्विज प्रतियोगिता में शहीद भगत सिंह हाउस रहा विजयी

**उकलाना।** खंड के गांव बिठमडा के डीसीएम स्कूल में हिंदी व्याकरण, इंग्लिश ग्रामर व सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता हुई। इसमें स्कूल के सीनियर हाउस एकलव्य हाउस, टैगोर हाउस, श्री चाणक्य हाउस और शहीद भगत सिंह हाउस ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में कुल 6 राउंड थे। बीच-बीच में चुटकुले व कविताओं के माध्यम से मनोरंजन किया गया। प्रतियोगिता में शहीद भगत सिंह हाउस ने बाजी मारी और खिताब अपने नाम किया। विजेता छात्रों को पुरस्कार देकर के स्कूल के अध्यक्ष संजय डीसीएम व अध्यापकों ने सम्मानित किया। प्रतियोगिता का आयोजन हितेश, विनोद गर्ग, सुदेश, योगेश, विकास, अनुराग, नरेंद्र नैन ने करवाया।

## हिन्दू पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी छाए



**हिसार।** इंटरनेशनल हैंडबाल फेडरेशन द्वारा जयपुर में 10 से 14 जुलाई तक आयोजित करवाई गई प्रतियोगिता में चौधरीवास में स्थित हिन्दू पब्लिक स्कूल के सीनियर व जूनियर श्रेणी में बच्चों ने गोल्ड मेडल जीतकर क्षेत्र व स्कूल का नाम रोशन किया है। स्कूल प्राचार्य सुषमा व निदेशक अजय श्योरान ने बच्चों को बधाई देते हुए स्कूल पहुंचने पर सम्मानित किया। स्कूल खेल प्रशिक्षक सतबीर पांन्नू ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में विपुल, धीरज, दीपक व रोहित ने गोल्ड मेडल जीता है। इसी प्रकार से जूनियर वर्ग में विपुल, मोहित, संदीप, रोहित, निशांत व दीपक ने इंटरनेशनल में गोल्ड मेडल जीता है। इसमें कोच सोनिया नैन व कोच अनूप कसवां का विशेष योगदान रहा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9653530209, 9253681005

### सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं सभी पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने के निर्देश

# ऋषि नगर में पेयजल व सीवरेज दुरुस्त करने के दिए निर्देश

- एसपी और एडीसी ने सुनी लोगों की समस्याएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में मंगलवार को पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण तथा अतिरिक्त उपायुक्त नीरज ने नागरिकों की जनसमस्याएं को सुना और अधिकारियों को निर्देश दिए कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा लागू की गई जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति को अविलंब उपलब्ध करवाया जाए। कोई भी व्यक्ति सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए। एसपी ने पुलिस विभाग से संबंधित समस्याओं को सुना और शिकायतों का समाधान किया। एडीसी नीरज ने ऋषि नगर निवासियों की शिकायत का समाधान करते हुए जन-स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। गांव बोबुआ एक महिला द्वारा बच्चों की पेंशन संबंधी शिकायत पर जिला समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों निर्देश दिए कि मामले की जांच कर उचित कार्रवाई अमल में लाएं। अग्रोहा निवासी रेशमा की मकान बनवाने के निर्देश दिए कि अगर महिला अंबेडकर नवीनीकरण आवास योजना की पात्र है तो तुरंत योजना का लाभ मुहैया करवाएं।



**हिसार।** समाधान शिविर में शिकायतों की सुनवाई करते पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण तथा अतिरिक्त उपायुक्त नीरज। *फोटो : हरिभूमि*

### प्लॉट के ऊपर से जा रही बिजली की लाइन हटाने के दिए निर्देश

एडीसी ने कहा कि शहर में सीवरेज लाइनों की साफ-सफाई का कार्य निरंतर रूप से जारी है। उन्होंने आजाद नगर निवासी सिंह ज्योति मंगल की शिकायत का समाधान करते हुए बिजली निगम के अधिकारियों को उनके प्लॉट के ऊपर से होकर गुजरने वाली बिजली लाइन को हटाने के निर्देश दिए। इस एसडीएम जयवीर यादव, डीएमसी विरेंद्र सहारण, जिला राजस्व अधिकारी चेतना चौधरी सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

### शीला बोली, कौशल निगम में मिली नौकरी, अभी तक नहीं कराया ज्वाइन

आजाद नगर निवासी शीलाबाई ने अपनी शिकायत रखते हुए कहा कि उन्हें एचकेआरएनएल के तहत नौकरी मिली है, लेकिन अभी तक विभाग द्वारा ज्वाइन नहीं करवाया गया है। इस पर अतिरिक्त उपायुक्त ने हरियाणा सीड सर्टिफिकेशन एजेंसी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शिकायतकर्ता को तुरंत ज्वाइन करवाना सुनिश्चित करें। अतिरिक्त उपायुक्त लक्ष्मीबाई चौंक क्षेत्र में सीवरेज लाइन की साफ-सफाई करवाने के भी निर्देश दिए।